शालीमार पेंट्स ने किया कारोबार का विस्तार

गाजियाबाद। बदले बाजार की जरूरत के लिए शालीमार पेंट्स ने विस्तार किया है। गाजियाबाद भारत की प्रमुख पेंट निर्माता कंपनियों में से एक शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने आज गाजियाबाद में क्षेत्रीय वितरण केंद्र की स्थापना करके उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपनी पहुंच बढ़ाने की योजना की घोषणा की। उद्घाटन के मौके पर बात करते हुए समीर नागपाल, प्रबंध निदेशक और सीईओ, शालीमार पेंट्स ने कहा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड हमेशा से शालीमार पेंट्स के लिए महत्वपूर्ण बाजार रहे हैं और हमारे पास आजादी के वक्त से ही मजबूत और स्थापित नेटवर्क रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान हमारी वृद्धि इर क्षेत्र में बाजार के मुकाबले तेज रही है। इस नए वितरण केंद्र की मदद से हमें अपनी ग्राहक सेवा और भौगोलिक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी ताकि हम अपनी बाजार हिस्सेदारी और अधिक बढ़ा सकें। देश की सबसे पुरानी और लोकप्रिय पेंट निर्माता कंपनी डेकोरेटिव पेंट कारोबार की और अधिक ध्यान देकर ग्राहक केंद्रित कंपनी बनने की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव के दौर से गुजर रही है।